HGH INDIA® 2026
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
Jun 30-Jul 03, 2026. Bombay Exhibition Center, Mumbai

NEWS 4

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

### होम डेकोर से लेकर होम टेक तक

# नए ट्रेंड्स के लिए तैयार हो जाइए

एचजीएच इंडिया 2026 का आयोजन मुंबई में 30 जून से 3 जुलाई, 2026 तक, यानी चार दिनों के लिए होगा। जैसे-जैसे शो की तारीखें नज़दीक आ रही हैं, व्यापार जगत में इनोवेशन्स, नए स्रोतों, नए ट्रेन्ड्स और बिज़नेस आइडियाज़ को लेकर उम्मीदें और उत्साह भी बढ़ रहा है।

एचजीएच इंडिया होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स जैसी विभिन्न श्रेणियों को एक ही छत के नीचे लाएगा। प्रीसेंस ट्रेन्ड्स 2026-27, स्मार्ट किचन, एच-सर्कल प्रोडक्ट इनोवेशन अवार्ड्स, होम-टेक, सस्टेनेबिलिटी, इंडियन हेरिटेज और एचजीएच इंडिया इंटरैक्टिव जैसी पहलों के साथ एचजीएच इंडिया का 19वां संस्करण एक बेहतरीन आयोजन होगा। 30 देशों से 700 ब्राण्ड्स एवं निर्माता अपने 3000 से अधिक प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन इस मंच के माध्यम से करेंगे।

मैन्युफैक्चरिंग, रीटेल, डिस्ट्रीब्यूशन, इम्पोर्ट, इंस्टीट्यूशनल बाइंग, आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिज़ाइन से जुड़े ट्रेड प्रोफेशनल्स इस कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं।

एचजीएच इंडिया न्यूज़ के इस चौथे संस्करण में, हम आपको बताएंगे कि एचजीएच इंडिया में विज़िट करना क्यों और किस तरह से फायदेमंद होगा। आप हमारी वेबसाईट www.hghindia.com पर एचजीएच इंडिया न्यूज़ के पिछले तीन संस्करणों को अपनी पसंद की भाषा में पढ़ सकते हैं।

## होम डेकोर और फ़र्नीचर
## हॉल 3

### आईटीए का इटैलियन पैविलियन (हॉल3)

इटली की दुनिया भर में मशहूर डिज़ाइन और लाइफ़स्टाइल उद्योग को कुछ खास और नए ब्रांड्स के के माध्यम से इस षो के मंच पर पेष किया जाएगा। इन ब्रांड्स में ग्लासवेयर, किचनवेयर, लाइटिंग, सेरेमिक्स और प्रीमियम फ़र्नीचर शामिल हैं। इटैलियन ट्रेड एजेंसी (आईटीए) कई इटैलियन ब्रांड्स को हॉल 3 में ला रही है, जिनमें शामिल हैं:

### आई बिआगी

आई बिआगी इटली की प्रमुख कंपनियों में से एक है, जो दुनिया भर में प्रीमियम इंटीरियर के लिए आधुनिक होम डेकोर, लक्ज़री फ़र्नीचर और हैण्डक्राफ्टेड एक्सेसरीज़ बनाने में विशेषज्ञ है। 1954 से, कंपनी ने लक्ज़री होम एक्सेसरीज़ में दुनिया की सबसे बड़ी रेंज विकसित की है। इसमें माउथ-ब्लोन एवं हैण्ड-कट इटैलियन क्रिस्टल, हाथ से बने ब्रॉन्ज़ एलीमेंट्स, 24 कैरेट गोल्ड प्लेटिंग और मैलाकाइट एवं एमेथिस्ट जैसे सेमी-प्रेशियस स्टोन्स



का इस्तेमाल किया जाता है। अपने व्यापक कलेक्शन के अलावा, आई बिआगी को विषेश कस्टमाइज़ेशन क्षमताओं के लिए भी जाना जाता है, जिसके तहत वे एक्सक्लुज़िव प्रोडक्ट और पूरे इंटीरियर प्रोजेक्ट तैयार करते हैं।

### कुटीना

इटली के डिज़ाइन स्टूडियो आर्ची.मो.रा द्वारा विकसित कुटीना, मल्टीफंक्शनल फर्नीचर और पेटेंटेड डिज़ाइन इनोवेषन के लिए आधुनिक दृष्टिकोण पेष करता है। यह ब्रांड फर्नीचर और लाइटिंग की अवधारणाओं में



इंजीनियरिंग दक्षता, बहुमुखी प्रतिभा और आधुनिक सौंदर्य को उजागर करता है। एक पेटेंटेड पारदर्शी पॉलीकार्बोनेट सीटिंग सिस्टम, कुटीना इसका मुख्य आकर्शण केन्द्र है, जिसे कुर्सी, स्टूल और कॉफी टेबल के रूप में बदला जा सकता है। साथ ही लाइटिंग की अनुकूल अवधारणा ला फ्लेमिनिया भी है, जो विभिन्न प्रकार के इंटीरियर के लिए डिज़ाइन किए गए आधुनिक टेलीस्कोपिक सिस्टम के माध्यम से पूरे लुक को बदल देता है।

### लॉडार्टे

फ़ैशन और डिज़ाइन के एक शानदार संयोजन के साथ तीस साल पहले स्थापित लॉडार्टे इटली के एक मशहूर लक्ज़री लाइटिंग ब्रांड के रूप में अपने आप को मजबूती से स्थापित किया है। दक्षिणी इटली की कला और संस्कृति से प्रेरित यह ब्रांड बेहतरीन कारीगरी, दुर्लभ मटीरियल और आर्किटेक्चरल डिटेलिंग के ज़रिए रोशनी



को कला का रूप देता है। पारम्परिक शान और आधुनिक लक्ज़री के संयोजन द्वारा लॉडार्टे ख्एक्सलुज़िव लाइटिंग और डेकोर कलेक्शन लेकर आता है, जो दुनिया के बेहतरीन लक्ज़री इंटीरियर और कस्टम-डिज़ाइन्ड स्पेसेज़ की पहचान बन जाते हैं।

### मोशेला सेडुटे

2007 में पास्क्वाले मोशेला ने आर्टिसनल वर्कशॉप के रूप में मोशेला सेडुटे की शुरूआत की, जो विषेश प्राइवेट क्लाइंट्स के लिए कुर्सियाँ और आर्मचेयर बनाते थे। फ़र्नीचर उद्योग में दशकों के अनुभव के साथ, आज यह कंपनी तीन मुख्य बातों पर ध्यान देती है- बेहतरीन गुणवत्ता की सामग्री, डिज़ाइन में लगातार इनोवेशन और शानदार फ़र्नीचर सॉल्युशन्स का निर्माण। मोशेला सेडुटे



आधुनिक घरों एवं ऑफिस की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बेहतरीन इटैलियन कारीगरी और आज के दौर के स्टाइल को मिलाकर आरामदायक, इनोवेटिव और फ्लेक्सिबल सीटिंग सिस्टम बनाती है।

### रोसिनी

इटली के मटेरा में स्थित रोसिनी एस.आर.एल. एक प्रीमियम फ़र्नीचर कंपनी है जो लक्ज़री सोफ़े और सीटिंग सिस्टम बनाने में माहिर है। ये प्रोडक्ट पारंपरिक मेड–इन–इटली कारीगरी और आधुनिक मैनुफैक्चरिंग



टेक्नोलॉजी का बेहतरीन संयोजन हैं। तीस सालों के अनुभव के साथ, रोसिनी को आधुनिक सोफ़ा कलेक्शन, बेहतरीन डिटेलिंग, उच्च गुणवत्ता की लेदर अपहोल्स्ट्री और इलेक्ट्रिक रिक्लाइनर मैकेनिज़्म के लिए जाना जाता है। उत्पादन की आधुनिक तकनीकों जैसे लेज़र–कटिंग सिस्टम और आईएसओ 9001:2015 सर्टिफ़िकेशन के साथ, रोसिनी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में इटैलियन खूबसूरती, आराम और डिज़ाइन के इनोवेशन पेश करना जारी रखे हुए है।

## थाईलैंड (हॉल 3)

### क्रिप बाय 348 डेकोर कंपनी

थाईलैंड की क्रिप बाय 348 डेकोर कंपनी को हाथ से बनी सजावटी चीज़ों, मूल डिज़ाइनरों और प्रतिस्पर्धी कीमतों के लिए जाना जाता है। ब्रांड आधुनिक रूप एवं डिटेलिंग वाले फूलदानों (वास) और लकड़ी के टेबलवेयर का नया कलेक्शन पेश करेगा।

## चीन (हॉल 3)

### झेजिआंग जेके इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड

झेजिआंग जेके इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड, क्रिसमस और त्योहारों की सजावट का सामान बनाने वाली जानी–मानी कंपनी है, जिसकी स्थापना 2002 में हुई थी। इसके उत्पाद यूरोप और दक्षिण अमेरिका में निर्यात किए जाते हैं। कंपनी सीज़नल होम डेकोर और गिफ्टिंग के लिए सजावटी रिबन, क्रिसमस बो, टेबल रनर, टेबलक्लॉथ, फैब्रिक रोल और प्लेसमैट पेश करेगी।

### झेजिआंग सिम्पलीसिटी आर्टवेयर कंपनी, लिमिटेड

मैनुफैक्चरिंग में दो दशकों का अनुभव रखने वाली झेजिआंग सिम्पलीसिटी आर्टवेयर कंपनी, लिमिटेड एलईडी कैंडल, ग्लास कैंडल और ग्लास लाइटिंग उत्पादों की व्यापक रेंज पेश करेगी। 2005 में स्थापित यह कंपनी डेकोरेटिंग लाइटिंग समाधानों में विशेषज्ञ है तथा



अपनी निरंतरता और गुणवत्ता के चलते अपने कारोबार को सफलता के इस मुक़ाम तक पहुंचाया है।

## इंडिया (हॉल 3)

### सैनिक

षो के मंच पर सैनिक, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ मिलकर बनाए गए ऐसे समाधान पेश करेगा जो सस्टेनेबिलिटी, सामग्री के इनोवेशन और भारतीय शिल्प परंपराओं को एक साथ लाते हैं। इसकी खासियत है जांचे–परखे हैंडलूम फ़ैब्रिक से बना खादी सोफ़ा, जिसके हर धागे और बुनाई को पाइलिंग, रगड़ और मजबूती के लिए परखा गया है। यह डिज़ाइन की नई अवधारणा है, जो भारत के गांवों, हैंडलूम, संसाधनों के सही इस्तेमाल



और आपसी सहयोग को महत्व देती है। मुरादाबाद की बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी फाइन सिल्वर ने सैनिक ब्रांड को भारतीय बाज़ार में उतारा है।

### इरेका होम्स

इरेका होम्स, को आधुनिक फ़र्नीचर और होम डेकोर प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है। वे आराम, स्टाइल और रोज़मर्रा की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए किचन, डेकोर और फ़र्नीचर प्रोडक्ट्स का



प्रीमियम कलेक्शन पेश करेंगे। यह कलेक्शन आधुनिक घरों के लिए शानदार डिज़ाइन, बेहतरीन कारीगरी और व्यवहारिकता का बेहतरीन संयोजन है।

### आइरिस

फ्रैगरेंसेज़ एवं अरोमाकोलॉजी समाधानों में भारत के प्रमुख लाइफ़स्टाइल ब्रांड्स में से एक आइरिस, अपने प्रीमियम अरोमाकोलॉजी प्रोडक्ट्स पेश करेगा। इनमें




रीड डिफ्यूज़र, सोया वैक्स कैंडल, रूम मिस्टर और पॉटपोरी शामिल हैं। यह कलेक्शन फंक्शनल फ्रैगरेन्स और आधुनिक इंटीरियर के अनुसार डिज़ाइन किए गए डेकोरेटिव समाधानों का बेहतरीन संयोजन है।

### कोहे

कोहे हाथ से बनी वॉल क्लॉक और डेकोर कलेक्शन की नई रेंज के साथ–साथ बांस और बेंत (बेम्बू और केन) की लाइटें भी पेश करेगा, जिन्हें खूबसूरती और उपयोगिता को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। इस कलेक्शन में आधुनिक, विंटेज, औद्योगिक, लक्ज़री और कलात्मक दीवार घड़ियां शामिल हैं। कोहे सजावटी वॉल आर्ट और लाइफ़स्टाइल डेकोर प्रोडक्ट्स के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार भी करेगा।

### नेचुरलयोर्स

कोलकाता की कंपनी नेचुरलयोर्स, कोसस्टेनेबल और हाथ से बने होम डेकोर और लाइफ़स्टाइल प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है। वे हाथ से बनी और सस्टेनेबल टोकरियां, स्टोरेज समाधान, टेबलटॉप यूटिलिटी, सर्विंग



के सामान और होम डेकोर की व्यापक रेंज पेश करेंगे। इन्हें सी–ग्रास, वॉटर हायसिंथ, रतन और बांस जैसे प्राकृतिक रेशों से बनाया गया है। यह कलेक्शन ारीगरी और आधुनिक स्टाइल का संयोजन है, तथा होम डेकोर, हॉस्पिटैलिटी और गिफ़्टिंग के लिए बेहतरीन है।

### पैरामाउंट होम

मुरादाबाद की कंपनी पैरामाउंट होम, जो हाथ से बने टेबलटॉप और डेकोर कलेक्शन के लिए जानी जाती है, लकड़ी एवं धातु से बने सर्ववेयर और सजावटी सामान की व्यापक रेंज पेश करेगी। इनमें केक स्टैंड, सर्विंग



बाउल, ट्रे, कोस्टर, स्टोरेज बॉक्स, फूलों के गुलदस्ते, प्लांटर और सजावटी सामान शामिल हैं। टेक्सचर्ड फ़िनिश, बेहतरीन कारीगरी, उपयोगिता और आधुनिक स्टाइल इस कलेक्शन की खासियत है।

## इंडियन हेरिटेज (हॉल 3)

एचजीएच इंडिया के सहयोग से, इंडियन हेरिटेज पैविलियन एक बार फिर भारत की सदियों पुरानी, अनोखी, समृद्ध एवं विविध हस्तशिल्प और बुनाई की संस्कृति को जीवंत करने जा रहा है। जहां आगंतुक सीधे कारीगरों से सामान खरीद सकते हैं। इस पैविलियन में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा विभिन्न शिल्पों का लाइव प्रदर्शन किया जाता है, जो सालों से आगंतुकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस पैविलियन में मौजूद कई कारीगर अपनी अनोखी कला के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

इस मंच पर खरीदारों को आज के कारोबार के माहौल के अनुसार मर्चेंडाइजिंग समाधान और अनोखे डिज़ाइन देखने को मिलेंगे। इंडियन हेरिटेज आज के रीटेल, प्रोजेक्ट और गिफ्टिंग मार्केट के लिए सोर्सिंग के अनोखे समाधान प्रदान करता है।



## नेशनल डिज़ाइन सेंटर (हॉल 3)

नेशनल डिज़ाइन सेंटर (एनडीसी), भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के तहत हस्तशिल्प विकास आयुक्त के सहयोग से, देश भर के 20 कारीगरों के माध्यम से विभिन्न अनोखे शिल्प केंद्रों से शिल्पों और कारीगरों की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत करेगा। इस श्रृंखला में लकड़ी और धातु की नक्काशी, टेक्सटाइल शिल्प और सजावट, हाउसवेयर और होम टेक्सटाइल, हाथ से बने उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी। ये सभी प्रोडक्ट्स सस्टेनेबल, पर्यावरण के अनुकूल और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं शिल्प विरासत के बेहतरीन उदाहरण हैं, जिन्हें हमें अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए।

## (होम फ़र्नीचर) हॉल 3

### फ़र्निसेलन

आधुनिक और उभरते फ़र्नीचर कलेक्शन के लिए मशहूर फ़र्निसेलन शो के मंच पर बोस्टन कलेक्शन पेश करेगा। तीन साल पहले हुए लॉन्च के बाद से यह कलेक्शन काफ़ी विस्तृत हुआ है। शुरुआत में इस कलेक्षन में 10–12 प्रोडक्ट थे, जिनकी संख्या अब 100 के पार पहुंच चुकी है। ब्राण्ड बी2बी खरीदारों, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनरों और रीटेल पार्टनर्स के लिए नए डिज़ाइन किए गए प्रोडक्ट्स भी पेश करेगा।



### रॉयल डिज़ाइन्स

रॉयल डिज़ाइन्स फ़र्नीचर और डेकोर का एक नया कलेक्शन पेश करेगा, जिसमें मार्बल का फ़र्नीचर भी शामिल है। इस कलेक्शन में साइड टेबल, कॉफ़ी टेबल और कंसोल टेबल को डिस्प्ले पर रखा जाएगा, जिन्हें



मार्बल की प्राकृतिक खूबसूरती को और भी आकर्षक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ब्रांड लकड़ी और धातु के संयोजन से बनी वॉल आर्ट की नई रेंज भी ला रहा है, जिसमें पेटिना फ़िनिश का इस्तेमाल किया गया है। आगांतुकों को इस रेंज में टेक्सचर, गहराई और आधुनिक लुक वाले डेकोरेटिव पीस देखने को मिलेंगे।

## नेक्टर (हॉल 3)

भारत सरकार के डोनेर मंत्रालय का नॉर्थ ईस्ट सेंटर फ़ॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीसर्च – उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से 10 प्रदर्शकों को एक मंच पर ला रहा है। यह क्षेत्र केन (बेंत), बांस, सिल्क और अन्य हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट्स के लिए मशहूर है, जिन पर क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

## यूक्रेन (हॉल 6)

### जेएससी स्लोवयांस्की श्पलेरी

जेएससी स्लोवयांस्की श्पलेरी, यूरोप की सबसे बड़ी वॉलपेपर बनाने वाली कंपनियों में से एक है। यह "स्लोवयांस्की वॉलपेपर" ब्रांड के तहत वॉलपेपर बनाती है और कई अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में निर्यात करती है। कंपनी पर्यावरण के अनुकूल एवं उच्च गुणवत्ता के वॉलपेपर के लिए जाना जाता है। शो के मंच पर कंपनी 10 से श्रेणियों में वॉलपेपर पेश करेगी, जिसमें इकॉनमी



से लेकर प्रीमियम, विनाइल, नॉन-वोवन और हॉट एम्बॉस्ड वेरिएंट शामिल हैं।

## रग्स पैविलियन (हॉल 6)

कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी), डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडीक्राफ्ट्स, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भदोही, वाराणसी, जयपुर, आगरा और पानीपत जैसे बड़े क्लस्टर्स से हाथ से बने रग्स और कारपेट निर्माताओं को एक मंच पर ला रही है। हॉल 6 में तकरीबन 20 प्रदर्शक (जिनमें से कई निर्यात भी करते हैं), विभिन्न श्रेणियों में रग्स और कारपेट की व्यापक और विविध रेंज पेष करेंगे।

खरीदारों को रिटेल और प्रोजेक्ट की ज़रूरतों के अनुसार विभिन्न कीमतों पर हाथ से बुने, हाथ से टफ्ट किए और मशीन से बने आधुनिक कालीनों की ढेरों षानदार किस्में देखने को मिलेंगी।

## हैंडलूम पैविलियन (हॉल 6)

भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के तहत डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडलूम के सहयोग से एचईपीसी द्वारा हॉल 6 में लगाए गए हैंडलूम पैविलियन में हैंडलूम से बने होम टेक्सटाइल्स की व्यापक रेंज पेश की जाएगी। इसमें सजावटी और फंक्षनल सामान जैसे टेबल और किचन लिनन, फ़्लोर कुशन, पर्दे, ब्लाइंड्स और बहुत कुछ शामिल होगा। यह प्रीमियम, सस्टेनेबल और हाथ से बुने होम टेक्सटाइल्स का केंद्र बिंदु होगा, जो हमारी विरासत और बुनाई की कला की दर्शाते हैं। यहाँ जीं. आई. टैग वाले हैंडलूम उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएँगे।




एचजीएच इंडिया अपनी टीम द्वारा बनाए गए सस्टेनेबिलिटी पैविलियन के ज़रिए भारतीय घरों में सस्टेनेबल उत्पादों के महत्व और संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। इन प्रोडक्ट्स को रोज़मर्रा के लिए पर्यावरण के अनुकूल, रीसाइकल किए गए, अपसाइकल किए गए, बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग कर पर्यावरण के अनुकूल मैनुफैक्चरिंग प्रक्रियाओं से बनाया गया है। हॉल 6 में मौजूद यह सस्टेनेबिलिटी पैविलियन उन ब्रांड्स और उत्पादों को एक साथ लाता है जो सजग जीवनशैली और सामग्री के ज़िम्मेदाराना उपयोग को प्राथमिकता देते हैं।

नेशनल जूट बोर्ड के 6 प्रदर्षक इस पैविलियन में जूट उत्पादों को पेष करेंगे। साथ ही, कॉटन, बांस, बेंत, लकड़ी, टेराकोटा और रीसाइकल किए गए फ़ाइबर, कागज़, प्लास्टिक और औद्योगिक या घरेलू अपशिष्ट से बनी उत्पाद भी सस्टेनेबिलिटी पैविलियन में पेश किए जाएंगे।

सस्टेनेबिलिटी अब किसी साईड स्टोरी या सिर्फ़ प्रीमियम प्रोडक्ट्स के दावे तक सीमित नहीं रही। रिटेलर्स, डिज़ाइनर्स और संस्थागत खरीदार चाहते हैं कि उपभोक्ता उन्हें पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार संगठनों के रूप में देखें।

## नेशनल जूट बोर्ड (हॉल 6)

भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय का नेशनल जूट बोर्ड, अपने 6 प्रदर्शकों के ज़रिए सस्टेनेबल और अलग-अलग तरह के लाइफस्टाइल जूट उत्पाद पेश करेगा, जैसे शॉपिंग बैग, वाइन बैग, वॉल डेकोर आदि। ये उत्पाद होम और लाइफस्टाइल ट्रेड में पर्यावरण के अनुकूल और बायोडिग्रेडेबल मटीरियल की बढ़ती मांग को पूरा करते हैं। जो खरीदार जूट के प्राकृतिक और सस्टेनेबल उत्पाद खरीदना चाहते हैं, उन्हें यह पैविलियन ज़रूर देखना चाहिए।

जूट की खासियत है इसकी प्रत्यास्थता; यह एक ऐसा मटीरियल है जिसे घर, रिटेल गिफ़्टिंग और संस्थागत चैनलों में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है।

## एनटीटीएम/मेटेक्सिल की ओर से होम टेक (हॉल 6)

घरों में इस्तेमाल होने वाले टेक्सटाइल्स में सुरक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर फंक्शनैलिटी को बढ़ावा देने के लिए, मैन-मेड एंड टेक्निकल टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिलश (मेटेक्सिल) – भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन के सहयोग से – पहली बार एचजीएच इंडिया में एक होम टेक पैविलियन ला रहा है।

विकसित देशों की तरह, भारतीय घरों में भी सुरक्षित और बेहतर जीवन के लिए आधुनिक तकनीक, बहतरीन परफोर्मेन्स वाले फंक्शनल होम टेक्सटाइल्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देना ज़रूरी है। यह पैविलियन आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनरों होम टेक्सटाइल्स रीटेलरों और आगंतुकों को होम टेक की संभावनाओं को समझने में मदद करेगा। साथ ही उन्हें लिविंग स्पेस, बेडरूम, किचन, बाथरूम और आउटडोर स्पेसेज़ की फर्निशिंग में सुरक्षित एवं उपभोक्ता अनुकूल परफॉर्मेंस और फंक्शनैलिटी को शामिल करने में सक्षम बनाएगा।

होम टेक में पेष किए जाने वाले प्रोडक्ट्स के कुछ उदाहरण हैं– आग-रोधी, दाग-रोधी, जल-रोधी और घर्षण-रोधी फर्निशिंग फैब्रिक्स; कोटेड, लैमिनेटेड और इंटीग्रेटेड फंक्शनल फैब्रिक्स; एंटी-माइक्रोबियल बेड शीट्स; डिस्पोजेबल नॉन-वोवन टेक्सटाइल सॉल्युषन्स; और एंटी-स्किड फ्लोरिंग।

आगंतुक होम ऐप्लीकेषन्स के लिए टेक्निकल टेक्सटाइल्स के बड़े फायदों और भारतीय व अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में कारोबार के नए अवसरों के बारे में जान सकते हैं।

## सतलज इंडस्ट्रीज

फर्निशिंग फैब्रिक के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम, सतलज इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, हॉल 6 के होमटेक पैविलियन में इनडोर और आउटडोर इस्तेमाल के लिए बेहतरीन एवं फंक्षनल फैब्रिक की नई रेंज पेश करेगा। इसके कुछ इनोवेषन्स हैं:

### नेस्टेरा का इनहेरेंट एफआर कलेक्शन

ग्लोबल एक्सपोर्ट मार्केट के लिए बनाया गया, नेस्टेरा का इनहेरेंट एफआर कलेक्शन अग्निरोधी गुणों (परमानेंट फ्लेम-रिटार्डेंट परफॉर्मेंस) के साथ शानदार लुक और मज़बूती का संयोजन पेश करत है। दुनिया भर में हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, कमर्शियल और रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए ये फैब्रिक स्टाइल से समझौता किए बिना लंबे समय तक सुरक्षा देते हैं। इसकी सबसे बड़ी ख़ासियत है, आग से सुरक्षा इसके अलावा मज़बूती के साथ-साथ कई तरह के रंग, टेक्सचर और डिज़ाइन इसे और भी खास बना देते हैं।



### आउटडोर फेब्रिक

नेस्टेरा के आउटडोर कलेक्शन में विषस्तरीय मार्केट के लिए बेहतरीन आउटडोर फैब्रिक शामिल हैं, जो मज़बूती, आराम और आधुनिक डिज़ाइन का संयोजन हैं। धूप, नमी और आउटडोर इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए बनाए गए ये फैब्रिक दुनिया भर में हॉस्पिटैलिटी, रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स के लिए भरोसेमंद हैं। इनका रंग फीका नहीं पड़ता, यूवी किरणों से भी ये सुरक्षित रहते हैं,इन पर मौसम का असर नहीं होता, मजबूत होने के साथ-सा इन्हें आसानी से साफ और रखरखाव किया जा सकता है। इन्हीं गुणों के चलते ये आउटडोर सीटिंग और सॉफ्ट फर्निशिंग के लिए बेहतरीन हैं और इन्हें इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी और निर्यात के लिए बनाया गया है।

### रीसाइकल किया हुआ फेब्रिक


रीसाइकल की गई चीज़ों से बना यह पर्यावरण के अनुकूल फैब्रिक सस्टेनेबिलिटी के साथ परफॉर्मेंस और स्टाइल का संयोजन है। आधुनिक इंटीरियर के लिए डिज़ाइन किया गया यह पर्यावरण के अनुकूल फैब्रिक गुणवत्ता से समझौता किए बिना मज़बूती, आराम को सुनिश्चित करता है। इस सस्टेनेबल फैब्रिक को रीसाइकल की गई चीज़ों से बनाया गया है। यह मज़बूत और रखरखाव में आसान है, और अपहोल्स्ट्री, पर्दे और सॉफ्ट फर्निशिंग के लिए उपयुक्त है।

### नेस्टेरा का एक्लिप्स ब्लैकआउट कलेक्शन

नेस्टेरा का एक्लिप्स ब्लैकआउट कलेक्शन रोशनी पर बेहतर नियन्त्रण, गोपनीयता और आराम के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस और शानदार लुक का संयोजन है। यह रेजिडेंशियल, हॉस्पिटैलिटी और कमर्शियल स्पेसेज़ के लिए बेहतरीन है। रोशनी को रोकने वाले ये खास फैब्रिक पर्दों और खिड़कियों को सजाते हैं और एनर्जी बचाने में मदद करते हैं। तथा कई तरह के शानदार डिज़ाइनों और रंगों में उपलब्ध हैं।

## प्रीसेंस ट्रेन्ड्स 2026-27

एचजीएच इंडिया ने होम और लाइफ़स्टाइल कारोबार के लिए भावी ट्रेन्ड के पूर्वानुमान पेश किए हैं। प्रीसेंस एक साधारण सोच पर आधारित है: जैसे-जैसे दुनिया वर्चुअल होती जा रही है, चीज़ों को छूने, महसूस करने




और समझने की चाहत बढ़ रही है। यह पूर्वानुमान बताता है कि कैसे भारत के उपभोक्ता चार खास थीमों के ज़रिए घर के लुक, एहसास नया आयाम दे रहे हैं। ये ट्रेन्ड्स सस्टेनेबिलिटी, पुरानी यादों और टेक्नोलॉजी से जुड़े हैं, और इनमें से हर एक अलग तरह की भावनाएं जगाता है।

19वें एचजीएच इंडिया में ट्रेंड्स पैविलियन खास तौर पर चुने गए प्रोडक्ट्स, विजुअल मर्चेडाइज़िंग के उदाहरणों और एक्सपीरियंस ज़ोन के ज़रिए प्रीसेंस को असल रूप देगा। इस मंच पर ब्रांड, निर्माता, रिटेलरों, आयातकों और आर्किटेक्ट्स कलर, मटीरियल पैलेट और डिज़ाइन के बारे में आइडिया मिलेंगे। जिससे वे उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के अनुसार नए होम प्रोडक्ट कलेक्शन ला सकेंगे।

प्रीसेंस ट्रेंड्स को चार सब-थीमों में बांटा गया है: मनचला माइंड, सनवोवन, कला संगम और कलर वेव।

## एचजीएच इंडिया इंटरैक्टिव: ज्ञान को साझा करने का सत्र

एचजीएच इंडिया इंटरैक्टिव, ज्ञान को साझा करने वाले सत्र हैं जिनका आयोजन 30 जून और 1 जुलाई, 2026 को हॉल 6 में होगा। इनके ज़रिए दर्शकों को आगामी डिज़ाइन और मार्केट ट्रेन्ड्स के साथ-साथ रिटेल, इंटीरियर प्रोजेक्ट डिज़ाइन, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग से जुड़े पहलुओं को समझने में मदद मिलेगी। विभिन्न क्षेत्रों के विषेशज्ञ और पेषेवर अपनी प्रस्तुतियां देंगे, पैनल चर्चाओं के माध्यम से रिटेलरों, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनरों ब्रांड्स, निर्माताओं और डिस्ट्रीब्यूटरों को उनके कारोबार के विकास के लिए मार्गदर्शन देंगे। इसके लिए हमारी वेबसाइट www.hghindia.com और आईआईआईडी एमआरसी ऑफ़िस के ज़रिए पंजीकरण किया जा सकता है।

## आईआईआईडी का सततसहयोग



आईआईआईडी एमआरसी, जो प्रोफेशनल आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिज़ाइनरों की जानी-मानी संस्था है, एचजीएच इंडिया के साथ अपनी साझेदारी जारी रखे हुए है।

आईआईआईडी एमआरसी के चेयरमैन केतन सेठ कहते हैं, "एचजीएच इंडिया आर्किटेक्ट कम्युनिटी के लिए बेहद फायदेमंद है, उन्हें ट्रेन्ड, नए प्रोडक्ट्स और स्रोतों के बारे में ज़रूरी जानकारी देता है। इसमें होम फ़र्नीचर, सॉफ्ट फ़र्निशिंग और डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ जैसी कैटेगरी के साथ-साथ हाउसवेयर और किचन अप्लायंसेज की आधुनिक रेंज भी शामिल है। 2026 के इस संस्करण में इटली एवं अन्य देशों के इंटरनेशनल प्रोडक्ट्स, सस्टेनेबिलिटी, होम-टेक और हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट्स की बड़ी रेंज पेष की जाएगी, ऐसे में यह आगंतुकों के लिए बेहद फायदेमंद होगा।

जाने-माने आर्किटेक्ट्स एचजीएच इंडिया में नियमित रूप से आते हैं क्योंकि उन्हें एक ही जगह पर कई तरह के सोर्सिंग समाधानों के साथ आगामी डिज़ाइनों एवं मार्केट ट्रैन्ड्स को देखने-समझने का मौका मिलता है।

आईआईआईडी सर्कल प्रोडक्ट इनोवेशन अवॉर्ड्स को भी समर्थन दे रहा है।

## आगंतुकों!

अगर आप **20 जून** तक नि:शुल्क आगंतुक पंजीकरण नहीं करा पाए हैं, तो **₹1000** देकर ऑनलाइन पंजीकरण करें और आयोजन स्थल पर लंबी कतारों में लगने से बचें।

पंजीकरण करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।
ज़रूरी जानकारी एवं अपडेट के लिए विज़िट करें।
www.hghindia.com